# ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर अब लगेंगे उद्योग

- राजस्व और नगर विकास विभाग ऐसी भूमि करेंगे चिह्नित
- डीएम के पास रहेगी जमीन की सूची, जरूरत पर उद्योगों को देंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए पर्याप्त भूमि की व्यवस्था करने जा रही है। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ग्राम समाज की खाली भूमि को चिह्नित करते हुए भूमि बैंक तैयार किया जाएगा। इसकी सूची जिलाधिकारियों के पास रहेगी और संबंधित जिलों में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को जरूरत के आधार पर दिया जाएगा।

ग्राम समाज की भारी संख्या में ऐसी भूमि है जो या तो खाली है या फिर उस पर अवैध कब्जे हैं। पिछले दिनों उच्चाधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें जिला पंचायत, ग्राम विकास विभाग, नगर विकास और आवास के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया था। ये ऐसे विभाग हैं जिनके पास काफी संख्या में भूमि है।

इन विभागों से भूमि का पूरा रिकार्ड तैयार करने को कहा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि जो जमीनें खाली पड़ी हैं और उनका इस्तेमाल योजनाएं लाने में नहीं हो रहा है उस पर उद्योग लगाने का विचार किया जाए। सरकार का मानना है कि प्रदेश में हजारों एकड़ भूमि ऐसी हैं जिनका रिकार्ड विभाग के पास नहीं है। इसके चलते भू-माफिया इस पर कब्जा किए हुए हैं। इसलिए ऐसी जमीनों को चिह्नित किया जाएगा और उद्योग लगाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए दिया जाएगा।